## संक्षिप्त

### योग दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। स्थानीय सुभाष चौक स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आज योग दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य विक्रम नाथावत ने बताया कि योग करने से शरीर व मन स्वस्थ रहता है तथा व्यक्ति दीर्घायु होता है। आज के कार्यक्रम में आचार्य हितेश पांडे के सानिध्य में विद्यालय के सभी भैया बहिनए आचार्या दीदी व अभिभावकों ने प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार किया। इसके अलावा आज अनुपस्थित भैया बहिनों ने अपने अभिभावकों के साथ वर्चुअल योगा किया। इस अवसर पर मंजू महर्षि, सविता, वंदना शर्मा, सोनिया शर्मा, सुनीता शर्मा, ज्योति प्रजापत, प्रगति शिवगण, हितेश पांडे एवं धनी देवी सहित सभी स्टाफ ने अपनी सहभागिता निभाई।

### प्रवेश आवेदन 24 जून से प्रारम्भ

बिसाऊ, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खिदरसर के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि सत्र् 2022-23 के लिए कक्षा 9 से 11 तक नवीन प्रवेश के लिए आवेदन 24 जून से 28 जून तक आमंर्तित किये जा रहे हैं, जिसके लिए आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन जमा करवाने की अंतिम 28 जून रहेगी। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। कक्षा 9 से 11वीं के लिए रिक्त सीटों की सूचना के लिए अभिभावक विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि कक्षा 11 के विज्ञान संकाय के लिए फर्म आंमर्तित किये जा रहें है। रिक्त सीटों से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर प्रवेश 29 जून को लॉटरी निकालकर दिया जायेगा।

### योग दिवस पर योगाभ्यास किया

बीदासर, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष मे मंगलवार की सुबह तेरापंथ भवन मे ब्लॉक स्तरीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ शंकर जोशी ने योगाभ्यास करवाया। उपखण्ड अधिकारी श्योराम वर्मा ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। ब्लॉक स्तरीय योग दिवस के दिन सुबह तेज बारिस होने के कारण गिनेचुने लोग व अधिकारी पहुचे। योग दिवस कार्यक्रम मे तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा, विकास अधिकारी हंसराज मीणा, सहायक अभियंता अनिल बरवड़ ने योगाभ्यास किया।

### धरना-प्रदर्शन को समर्थन दिया

सादुलपुर, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा व डीवाईएफआई कमेटी राजगढ की प्रस्तावित धरना व प्रदर्शन को व्यापार मण्डल राजगढ द्वारा समर्थन दिया गया। व्यापार मण्डल सादुलपुर के अध्यक्ष पवन मोहता नें बताया कि बकाया बीमा क्लेम, सुचारू पेयजल व्यवस्था, बेरोजगारी भत्ता, पिलानी मोड रेलवे फाटक पर ऑवरब्रिज का निर्माण आदि मांगों को जो किसान सभा व नोजवान सभा 22 जून से जो प्रदर्शन कर रही है, उक्त मांगें उचित मांगे हैं तथा प्रशासन को उक्त मांगों पर वार्ता कर पूरा करवाना चाहिए।

### कलेक्टर करेंगे बैठक की अध्यक्षता

चूरू, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय चरण के संचालन के लिए जिला कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में बुधवार 22 जून को दोपहर 2 बजे जिला परिषद सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। सीईओ रामनिवास जाट ने बताया कि बैठक में मिशन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# पहली बारिश ने नगरपरिषद के पानी निकासी प्रबन्धों की पोल खोली

- प्रगति नगर में नगरपरिषद का जनरेटर खराब होने से नही हो पाई पानी की निकासी
- निकासी न होने से शहर के अनेक इलाकों में बरसाती पानी जमा हो गया

सुजानगढ़, (निसं)। शहर में मंगलवार अलसुबह हुई बारिश ने पानी निकासी के लिए नगरपरिषद द्वारा किए गए प्रंबधों की पोल खोल कर रख दी।

शहर के प्रगति नगर में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग पर बरसाती पानी जमा होकर लोगों के घरों में घुस गया। जिस कारण वंहा के वाशिंदो को घर से बाहर निकलने में भी कठिनाई का सामना करना पडा। यंहा पर लगा जनरेटर भी खराब मिला। जिस कारण दोपहर तक पानी की निकासी नही हो पाई। प्रगति नगर निवासी नरेन्द्र भामूं ने बताया कि पानी निकासी के प्रंबध के लिए वे सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवा चुके है। लेकिन नगरपरिषद के अधिकारी पोर्टल पर गलत रिपोर्ट पेश करते है। जिस कारण 300 घरों की बस्ती को परेशानी का सामना करना पड रहा है। भामूं ने कहा कि उनके घर में भी बरसाती पानी घुस गया। इसी प्रकार शहर के नलिया बास, वाल्मिकी बस्ती, ईदगाह मस्जिद, नया बाजार, नया बास, गांधी चौक, दो नम्बर रेलवे फाटक,



शहर के प्रगति नगर में जमा बरसाती पानी व बंद पड़ा नगरपरिषद का जनरेटर।

लाडनूं बस स्टैण्ड, सम्राट होटल के पास सहित शहर के अनेकों इलाकों में बरसाती पानी जमा हो गया।

नगरपरिषद द्वारा बडे नालो की सफाई कराने के बावजूद भी मुख्य मार्गो पर पानी एकत्रित नजर आया। वंही नगरपरिषद के कमिश्नर कमलेश मीणा ने जलभराव वाले इलाकों का जायजा लिया। इसी प्रकार पारेवडा गांव में मूसलाधार बारिश से गांव की गुवाड व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पानी इकठ्ठा हो गया। स्कूल में जमा हुए पानी को स्कूल स्टाफ ने निकालने का प्रयास किया। एनएसयूआई के नेता ओमप्रकाश दुसाद ने उपखण्ड प्रशासन से गांव की गुवाड में एकत्रित होने वाले पानी की समस्या के स्थाई समाधान की मांग की।

# 'प्लास्टिक प्रतिबंध अधिनियम के उल्लंघन पर जुर्माना व कारावास'

सादुलपुर, (निसं)। प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने पाये जाने पर जब्ती कर एक हजार रूपये प्रति किलो जुर्माना व प्लास्टिक प्रतिबंध अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत संबन्धित को 5 वर्ष का कारावास की कार्यवाही प्रस्तावित की जा सकती है।

यह चेतावनी देते हुए नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानियां नें बताया कि नगरपालिका क्षेत्र राजगढ के सभी नागरिकों व व्यापारियों से अपील की है कि प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग क्रय परिवहन एवं भंडारण पर नगर में पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। ईओ बुडानिया ने बताया कि प्लास्टिक प्रतिबंध अधिनियम 2016 में राजपत्र अधिसूचना संख्या 169 द्वारा 11 मार्च 2021 को प्लास्टिक प्रबंधन संशोधन किया गया है। उक्त संशोधन में 75 माईक्रेन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग की वजह से फैलने वाले कचरे को रोकने के लिए 30 सितम्बर 2021 से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा हल्के वजन वाले प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 75 माईक्रेन कर दी गई है। 31 दिसम्बर 2022 से प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 120 माईक्रेन कर दी गई है तथा 1 जुलाई 2022 से पॉलिस्टिरीन और विस्तारित पॉलीस्टिन सहित एकल उपयोग वाले प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण आयात भंडारण क्रय विक्रय परिवहन और उपयोग को प्रतिबंधित किया जाएगा। जिसमें प्लास्टिक के छडियों से लैस ईयर बड्स,ख्गुब्बारों के लिए, प्लास्टिक की छडिया, प्लास्टिक के झण्डे कैन्डी, आईस्क्रीम की छडिया, सजावट के लिए पॉलीस्टिरीन (थर्माकोल) आदि शामिल है। साथ ही प्लेट, कप, गिलास, कांटे चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रेन जैसी कटलरी, मिठाई के डिब्बों के चारों ओर लपेटी जाने या पैकिंग करने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट 100 माईक्रेन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक यूपीवीसी बैनर, स्टीकर, अन्य समस्त सिंगल यूज (डिस्पोजल) आदि के उपयोग व भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा।


**कार्यालय नगरपालिका हनुमानगढ़ राजस्थान**

क्रमांक :- एफ.8(भूमि) ()2021/7351-7353 दिनांकः- 21.06.2022

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आदर्श विश्व भारती शिक्षण समिति हनुमानगढ़ जरिये अध्यक्ष भंवरलाल सहारण पुत्र श्री कृष्णलाल निवासी हनुमानगढ़ टाउन ने एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर चक 17 एचएमएच पत्थर नं. 129/279 मु. नं. 86 किला नं. 01/0.152.10/0.253.11/0.253 कुला 0.658 भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010 के अन्तर्गत आवेदन मय शपथ पत्र, पटवारी द्वारा ट्रेस नक्शा, साईट प्लान, जमाबन्दी, टोटल स्टेशन सर्वे, मास्टर प्लान, गुगल मैप प्रस्तुत कर आवासीय से परिधि नियंत्रण पट्टी योजना क्षेत्र में शैक्षणिक प्रयोजनार्थ हेतु भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहा है।

मास्टर प्लान हनुमानगढत्र-2035 में उक्त भूमि परिधि नियत्रण पट्टी आरक्षित है। आवेदित भूमि का परिधि नियंत्रण पट्टी से शैक्षणिक प्रयोजनाथ हेतु भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना है। अगर इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो अन्दर मियाद 15 दिवस में सूचित करें, बाद गुजरने मियाद कोई उजर मान्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगरपरिषद, हनुमानगढ़



प्रारूप-10
(नियम 6(7) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका भादरा जिला-हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.भा./भूमि/DDA/2022-23/1667 दिनांक 17.06.2022

**-: लोक सूचना :-**

श्री सतपालसिंह पुत्र श्री नत्थूसिंह जाति राजपुत निवासी कस्बा भादरा तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन आवासीय उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ | चक 05 बीएचडी | मुरब्बा नं. 44 के किला नं 4/6 की 0.008 है. किला नं. 7/4 की 0.0805 है. कुल भूमि 0.0885 है. यानि 885 वर्गमीटर | कुल- 0.885 है. वर्गफुट-9522.6 वर्गमीटर- 885 |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ......... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका भादरा


# नगरपालिका की उदासीनता के चलते वार्ड का हाल-बेहाल



राजगढ के वार्ड 40 में गलियों में सफाई अभाव में बिखरा कचरा व मानसून से पहले मामूली बरसात से भरा गलियों में पानी।

सादुलपुर, (निसं)। नगरपालिका क्षेत्र राजगढ के वार्ड 4० के प्रति नगरपालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण वार्ड का हाल बेहाल हो गया है।

बसपा पार्षद एडवोकेट राजेन्द्र पटीर नें बताया कि वार्ड में आवश्यक और जनहितार्थ विकास कार्यो को करवाने के लिए 30 माह से पालिका में ज्ञापन पत्र लगातार देने के बावजूद पालिका प्रशासन की आँखें नहीं खुली हैं। अभी हाल ही में मानसून की पहली बरसात में वार्ड में गलियों में आवागमन पूर्णतया बन्द सा हो गया है और लोग व मौहल्ले वासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पटीर का आरोप है कि पालिका उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था में भी भेदभाव कर रही है और वार्ड की स्ट्रीट लाइटें भी काफी महिनों से खराब पडी है, जो कि काफी बार अवगत करवाने के बाद भी सहीं नहीं की जा रही है। यदि पालिका द्वारा ऐसे ही उनके वार्ड में भेदभाव की नीति रैवया जारी रहा तो आदोलनात्मक कदम उठाना पडेगा।

# अग्निपथ योजना के विरोध में एसडीएम की कुर्सी पर ज्ञापन चस्पा किया

सादुलपुर, (निसं)। सेनाभर्ती के अग्निपथ योजना के विरोध में किसान सभा व नौजवान सभा राजगढ नें मोदी का पुतला जलाकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम राजगढ की कुर्सी पर ज्ञापन चिपकाया है। किसान सभा तहसील सचिव सुनील पूनिया नें बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध में जब मंगलवार 21 जून को अखिल भारतीय किसान सभा राजगढ एवं भारत की जनवादी नौजवान सभा केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन देने के लिए एसडीएम साहब नहीं मिलने पर दोनों संगठनों ने मिलकर कुर्सी पर ज्ञापन चिपकाया।

किसान सभा तहसील सचिव पूनिया ने बताया कि हाल ही में जो युवाओं के लिए विरोधी टूर ऑफ ड्यूटी की योजना केंद्र की सरकार लेकर आई है वो सरासर देश के युवाओं के साथ कुठाराघात है। केंद्र की सरकार नें पहले किसानों के साथ वादा खिलाफी की और अब युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने का काम केंद्र की मोदी सरकार कर रही है।

डीवाईएफआई के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया गृह मंत्रालय और केंद्र सरकार सेना जैसे विभागों को भी संविदा पर कर निजी हाथों में सौंपना चाहती है। जबकि भारतीय सेना पूरे विश्व भर में सबसे प्रतिष्ठित सेना मानी जाती है। उन्होंने बताया कि अगर सेना को भी संविदा पर कर दिया जायेगा तो सेना की प्रतिष्ठा दांव पर लग जाएगी। केंद्र की सरकार नें युवाओं को सिर्फ वोट बैंक के रूप में काम लिया है, परंतु युवाओं के हित में काम करने में केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल रही है। ज्ञापन चस्पा करने के दौरान अजीत सिंह, नरेंद्र ढाका, नरेंद्र पूनिया हमीरवास, राजकुमार भोजान, कृष्ण भोजाणिया, योगेश, दिनेश, संदीप, अजय, महेंद्र बिरमी पट्टा, सुरेश पूनिया, टोनी व नेतराम आदि उपस्थित रहे।



ज्ञापन देने के दौरान एसडीएम के नहीं मिलने पर उनकी कुर्सी पर ज्ञापन चस्पा करते अखिल भारतीय किसान सभा राजगढ़ एवं भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्तागण।

### झुंझुनूं की सुदेश यादव ने कांस्य पदक जीता

उदयपुर, (कासं)। वडोदरा में 16 से 19 जून तक आयोजित पहली मास्टर्स नोशनाला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झुन्झुनू जिले के कलगाँव निवासी सुदेश यादव पत्नि सुनील यादव ने उच्ची कुद प्रतियोगिता मे कास्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।



गौरतलब है कि सुदेश यादव अध्यापक की तैयारी के साथ-साथ निरन्तर खेल पर भी ध्यान देती है। सुदेश यादव का बेटा भी मुक्केबाज है उसने भी राज्य स्तर पर सिल्वर मैडल जीता है। सुदेश यादव की यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# प्रतिदिन योग से ही युवा व राष्ट्र स्वस्थ होगा: कस्वां

चूरू, (कासं)। मंगलवार को 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र चूरू, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जिला मुख्यालय स्थित इंद्रमणी पार्क में युवाओं, महिलाओं और आमजन ने योगाभ्यास कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राहुल कस्वां थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी मंगलाराम जाखड़ ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्रह्मकुमारी सुमन बहिन, अणुवृत समिति की रचना कोठारी, जिला साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश फगेडिया और सद्भावना मंच के देवकांत शर्मा थे। कार्यक्रम में योगाचार्य योगेन्द्र सिंह व गोकुल भारती ने सभी को योग, आसन्न और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि वर्तमान समय में हम सबको योग को दैनिक जीवन में अपनाना होगा और अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रूप से सचेत रहते हुए जीवन यापन करना है, तभी अपना समाज, युवा पीढ़ी और राष्ट्र स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बन सकेगा।

उन्होंने कहा कि ये हमारे लिये गौरव का विषय है की हमारी सनातनी सभ्यता और परंपरा को अपनाते हुए पूरे विश्व ने योग को अपनाया। ब्रह्मकुमारी सुमन बहिन ने कहा कि सभी को योग, ध्यान, चिंतन, सत्व भोजन और सरल व्यवहार से प्रत्येक प्राणी और प्रकृति को संवर्धन प्रदान करना चाहिए। जिला साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश फगेडिया ने योग की शिक्षा को सार्थक करने के लिये सभी को सम्पूर्ण समाज को साक्षर बनाने के लिये प्रत्येक नागरिक से अपने नैतिक दायित्व को पूर्ण करने का आव्हान किया। जिला युवा अधिकारी मंगलाराम जाखड़ ने योग के माध्यम से नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचालित फिट इंडिया मुहिम को सभी नागरिकों तक पहुंचाने का आह्वान करते हुये शपथ दिलाई।

### योग दिवस पर अनेक स्थानों पर योगाभ्यास किया

सुजानगढ़, (निसं)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में अनेकों स्थान पर योगाभ्यास किया गया। भाजपा द्वारा फतेहपुरिया गेस्ट हाऊस में योगाभ्यास किया गया। यंहा पर योगाचार्य लक्ष्मीनारायण टेलर ने योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक खेमाराम मेघवाल, प्रधान मनभरी देवी, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल भाटी, मण्डल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, मण्डल महामंत्री गणेश मंडावरिया, उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां, विजय चौहान, रेवंतमल पंवार, विनय माटोलिया, विष्णुदत्त त्रिवेदी, सांवरमल अग्रवाल, अमित जैसनसरिया, शंकर अग्रवाल, गोपाल पारीक, पंकज घासोलिया, शोभाग कंवर, रामसिंह, मुकेश मेघवाल, आशीष चोटिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। योगाचार्य लक्ष्मीनारायण टेलर का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया गया।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

दूरभाष नम्बर एवं ई-मेल पता- 01568-220888, cbeosujangarh@gmail.com

क्रमांक :- सीबीईओ/समसा/सुजान/फा निविदा/2022-23/532-34 दिनांक 21.06.2022

**-:: ई-निविदा सूचना सं. 01/2022-23::-**

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ जिला चूरू द्वारा इच्छुक बोलीदाताओं से गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविरों में बैठक व्यवस्थ कूलर, पंखे, पेयजल एवं बिजली एवं लेपटॉप प्रोजेक्टर, टीएलएम आपूर्ति हेतु की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण ऑनलाईन http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| S. No | Number of Tender | Items Descriptions | Estimated Value | Earnest Money | UBN No. | Last Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2022-23 | चाय दो बार-नाश्ता एक बार व दोपहर का भोजन पेयजल व्यवस्था | 400500 | 8010/- | EED2223SSOB 00680 | 26.06.2022 |
| 2. | 01/2022-23 | बैठक व्यवस्था टेंट, फर्श गद्दे मय चद्दर पंखे, कुलर व जनरेटर, प्रोजेक्टर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी लेपटॉप अन्य आवश्यकतानुसार | 1.70 लाख | 3400/- | EED2223SSOB 00680 | 26.06.2022 |

निविदा फार्म शुल्क 200/-

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा सुजानगढ़, (चूरू)


# विधायक व एसपी ने विजेता व उपविजेता टीमों को मैडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया

- राजगढ़ के लम्बोर बड़ी में आयोजित हुई थी चौथी राजस्थान स्टेट जूनियर महिला-पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप

सादुलपुर, (निसं)। तहसील राजगढ के लम्बोर बडी में आयोजित चौथी राजस्थान स्टेट जूनियर महिला-पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप का मंगलवार को विधिवत समापन एवं ट्रॉफी मैडल वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले प्रात: 9 बजे प्रारम्भ होकर 11 बजे समाप्त हुए।

पद्मश्री डॉ कृष्णा पूनिया के मुख्य आतिथ्य, जिला पुलिस अधीक्षक चूरू दिगंत आनंद की अध्यक्षता में आयोजित समापन एवं ट्रॉफी मैडल वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि किसान नेता वेदप्रकाश पूनिया बेवड, पूर्व उपप्रमुख सुरेन्द्र स्वामी, चौधरी कॉलेज निदेशक प्रदीप पूनिया, आशादेवी के रामप्रताप पूनिया, मानसिंह रेबारी, कालरी सरपंच प्रमिला पूनिया, करतार टांडी, लम्बोर सरपंच सन्तोषदेवी फगेडिया, कालाना सरपंच चरणसिंह, बींजावास सरपंच प्रेम कुमार, एडवोकेट महावीर पूनिया बैरासर सरपंच, कालू मीना सरपंच




बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मोमेंटो प्रदान करते विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां व एसपी चूरू दिगंत आनन्द।

हरपालु कूबडी, शीशपाल पूनिया व नाहर सिंह आदि रहे। वहीं भारतीय मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह निर्वाण, द्रोणाचार्य अवॉर्डी अनूप कुमार बघेला आदि नें विचार व्यक्त किये।

बालिका वर्ग को पुरूस्कार एवं मेडल विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां व एस.पी. चूरू दिगंत आनन्द ने प्रदान किये तथा बालक वर्ग को मेडल मोमेंटो सुरेन्द्र स्वामी, बलवान फगेडिया, जोगेंद्र फगेडिया, कोच जसवंत पूनियां, कोच अनूप बघेला, नरेंद्र निर्वाण व स्टेट उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, महेंद्र लुनिवाल, नायब सिंह, दारासिंह, हनुमानगढ बॉक्सिंग सचिव सुधीर कासनिया, उपाध्यक्ष एन.एल. निर्बाण, घनश्याम चित्तोडिया व डॉ. राकेश चाहर भरतपुर नें प्रदान किये। मानसिंह राठौड नें बताया कि चूरू के बालिका वर्ग में दो गोल्ड मैडल 5० से 52 किलोग्राम भारवर्ग में निशा बघेला व 67 से 7० किलोग्राम भार वर्ग में निकिता गगौर तथा किरण बघेला नें 44 से 46 किलोग्राम भारवर्ग मे एक सिल्वर मेडल जीता। बालक वर्ग में 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग में शुभम चूरू नें एक ब्रॉन्ज मैडल जीता।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अलायला**
**पंचायत समिति तारानगर (चूरू)**

क्रमांक :- 81 दिनांक 20.06.2022

**निविदा सूचना संख्या 02/2021-22**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंचायत समिति मद से स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु एक वर्ष की डफेक्टिव लाईब्लिटी पिरियड के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://sppp.rajasthan.gov.in/,https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक पार्क में शमशान भूमि तक इन्टरलोक सड़क निर्माण मय फुटपाथ कार्य जिगसाना ताल ग्राम पंचायत अलायला | 1276000 | 25520 | 500 | 500 | 90Day |

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | दिनांक 21.06.2022 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 30.06.2022 को समय सांय 06.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करवाने की अंतिम तिथि | दिनांक 01.07.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 02.07.2022 |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajastha.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

सरपंच
ग्राम पंचायत अलायला
पंचायत समिति तारानगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अलायला
पंचायत समिति तारानगर

# योग दिवस पर पुलिस लाइन में बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने योगाभ्यास किया

**चूरू, (कासं)।** अन्तर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन मैदान में बड़ी संख्या में जुटे लोगों और खास ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ तन मन के लिए नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र राठौड़, एसपी दिगंत आनंद, एडीएम लोकेश गौतम, एसडीएम सत्यनारायण सुथार, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़, एडिशनल एसपी राजेंद्र मीणा, एएसपी स्पेशल सेल वूमन इन्वेस्टीगेशन देवानंद सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कार्मिक, पुलिस के जवान, जनप्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट्स, महिला पुरुष एवं बच्चों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। यहां योग प्रशिक्षक संतरा देवी ने कार्यक्रम के प्रोटोकॉल में शामिल सूक्ष्म क्रिया, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासनए अर्द्धचक्रासन,



**अन्तर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चूरू में पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र राठौड़, एसपी दिगंत आनंद, एडीएम लोकेश गौतम आदि ने योगाभ्यास कर नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।**

त्रिकोणासन, वज्रासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, वक्रासन, मकरासन, शलभासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, उत्तान पादासन आदि का अभ्यास करवाया। इस मौके पर विधायक राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, अपितु इससे मन-मस्तिष्क भी मजबूत होता है। वर्तमान जीवन शैली के कारण जब प्रत्येक व्यक्ति बीमारियों का घर होता जा रहा है, ऐसे में अपने तन-मन को स्वस्थ बनाए रखने में योग अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग का संकल्प लेना चाहिए।

**■ योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, अपितु इससे मन-मस्तिष्क भी मजबूत होता है : राठौड़**

आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ अनिल मिश्रा ने आभार जताया। कार्यक्रम में डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, एसबीआई के एजीएम गिरधारीलाल बैरवा, डॉ एफएच गौरी, सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय, डीवाईएसपी राजेंद्र बुरड़क, डॉ अहसान गौरी, एनसीसी के डॉ हेमंत मंगल, साक्षरता अधिकारी ओम फगेड़िया, डॉ. वासुदेव चावला, चंद्राराम गुरी, आरआई सतपाल, डॉ रामकृष्ण, डॉ कमल वशिष्ठ, डॉ मनीष शर्मा, डॉ भालेंदु धाबाई, डॉ संजय तंवर, डीवाईएसपी एससी-एसटी सेल इनसार अली, सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों एवं आमजन ने योग किया।

## प्रदर्शन कर कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा ब्लॉक कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ और ईडी व सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर राष्ट्रपति के नाम चिड़ावा उपखंड अधिकारी के मार्फत ज्ञापन भेजा गया। एसडीएम की अनुपस्थिति में ये ज्ञापन तहसीलदार गंभीर सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन से पहले समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उपखंड कार्यालय के बाहर लिखित पोस्टरों को हाथ में लिए केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश बसवाला, जिला सचिव महेश कटारिया, पार्षद राजेंद्रपाल सिंह कोच, सरपंच संदीप सैनी, मेहर कटारिया, कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन शंकरलाल महारानिया, पार्षद विनोद कुमार, सहवृत सदस्य नथमल ठोटर, केप्टन हनुमान प्रसाद सैनी, कमलेश कांगड़ा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव संजय नूनिया, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष राकेश सोनी, तेजप्रकाश सोनी, काशीराम सैनी, मुबारक खान, महेंद्र कटारिया, शंभू चंदेलिया, ओमप्रकाश जैदिया, गिरधारी लाल सैनी, कमलकांत पुजारी, कपिल सोनासरिया आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 'नित्य करे योग और रहे निरोग'



**उदयपुरवाटी, (निसं)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मेदान में 8 वां अन्तर्रास्ट्रीय योग दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। जिसमें सभी विभागो के अधिकारियो और कर्मचारियो ने भाग लेकर सेहमन्द मुद्राए व तदूंरूस्त रहने के लिए योग की विभिन्न मुद्राए योगाभ्यास के दौरान की। काया को निरोगी रखने के लिए जहां योग का महत्व है वहीं शरीर की इम्युनिटी भी योग के माध्यम से बढाई जा सकती है। इसलिए योग जीवन को कई रूपो में मुफीद है। ब्लॉक आयुर्वेद व योग के नोडल अधिकारी ने बताया कि इस बार की थीम मानवता के लिए योग रखा गया है। अर्थात इंसान को जोडने के लिए योग को माध्यम बनाया गया है। इस मौके पर डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने कहा कि योग मार्ग को अपनाकर हम सेहत की सीढी बढते हुए तन मन व सम्पूर्ण जीवन को संवार सकते है। इस दिवस समारोह में बीसीएमओ डॉ. मुकेश भूपेश, एबीसीईओ रोहिताश्व गोदारा, विकास अधिकारी बाबूलाल रैगर, वृजलाल देवठिया, डॉ. परमानन्द शर्मा, प्रधानाचार्य संगीता मीणा, इब्राहिम शेख, विशाल गुप्ता, केशरदेव, दीनदयाल, शीशराम, बलवान सिंह, नेकीराम, राजेन्द्र सिंह महेन्द्र सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। रामनिवास कुमावत योग प्रशिक्षक ने योगाभ्यास करवाया। केन्द्रीय विद्यालय में प्राचार्य रवींद्र कुमार की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया। पंचायतो में भी योगाभ्यास किया गया।

### तहसील स्तरीय समिति गठित

**बिसाऊ, (निसं)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने मण्डावा विधानसभा की विभिन्न तहसील में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों में गैर सरकारी सदस्यों का मनोनयन किया है। यह जानकारी देते हुए सरोज सुंडा जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस झुंझुनूं ने बताया कि मण्डावा विधायक रीटा चौधरी की अनुसंशा पर मण्डावा ग्रामीण के लिए किरोड़ीमल पायल, शशि भारू, रचना बराला, मण्डावा शहरी के लिए सज्जन मिश्रा, नैना सोनी,सुनील जोशी, बिसाऊ शहरी के लिए मुस्ताक खान, सफी मोहम्मद, सुनीता खारड़िया व मलसीसर ग्रामीण क्षेत्र के लिए हरिसिंह महला,नफीस अहमद खांन,चंदा देवी मेघवाल को सदस्य बनाया गया हैं इन सदस्यों के मनोनयन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व आमजन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व मण्डावा विधायक रीटा चौधरी का आभार व्यक्त किया है ।

### प्रधानमंत्री का पूतला फूंका

**सुजानगढ़, (निसं)।** अग्निपथ योजना के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले उपखण्ड कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पूतला फूंका गया। उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया को राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अग्निपथ योजना को निरस्त कर पूर्व की भांति ही सेना भर्ती करने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया है कि अग्निपथ योजना लाकर केन्द्र सरकार युवाओं के साथ खिलवाड कर रही है। किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर केन्द्र सरकार इसे निरस्त नही करेगी तो वे मजबूरन बडे आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर एडवाकेट रामकुमार मेघवाल, तेजपाल गोदारा, मुमताज अली, इस्माइल दईया, किशनलाल, मोहर सिंह, पीथाराम ज्याणी, महबूब बडगुर्जर, टीकालाल बुगालिया, जोधाराम, एडवोकेट बनवारी बिजारणियां सहित किसान सभा के पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस ने ज्ञापन देकर विरोध जताया



**बीदासर, (निसं)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को ईडी की ओर से बेवजह परेशान करने के विरोध मे मंगलवार को नगर कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामपाल पाण्डिया के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाये। इस मौके पर पाण्डिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केन्द्र सरकार ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड कार्यालय मे राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम श्योराम वर्मा को सौपा। कार्यकर्ताओं द्वारा दिये गये ज्ञापन में लिखा है कि केन्द्र सरकार के इशारे पर विभिन्न जाँच एजेंसियों द्वारा कांग्रेस की अन्तरिम अध्यक्षा सोनिया गाँधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी को ईडी द्वारा पुछताछ के नाम पर परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन देने वालो में पालिका में प्रतिपक्ष के नेता गोपाल गुर्जर, पार्षद पन्नालाल मेघवाल, मनोनित पार्षद जीवण दर्जी, पुसाराम चौहान, पवन कुमार पारीक, हंसराज छापौला, महावीर छापौला, विनोद पंसारी, मालचंद दर्जी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 8वें अंतरराष्ट ीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसी दौरान विद्यालय स्टाफ सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में सेवा दे रहे अनेक शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्रधान कृष्ण कुमार मेहरा ने योग और प्राणायाम का मानव जीवन मे महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन महावीर सिंह जांगिड ने किया।

## फतेहपुर तहसीलदार पर जानलेवा हमले के विरोध में ज्ञापन सौंपा



**उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग।**

**पाटन, (निसं)।** 13 जून को फतेहपुर तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के कार्मिक माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना में फतेहपुर तहसील के ठााम बेसवा में पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने गए थे जहां अतिक्रमियों ने इन पर जानलेवा हमला एवं मारपीट की जिसपर तहसीलदार के हाथ में फेक्चर भी आया है।

इस निंदनीय घटना के विरोध में जिले की हर तहसीलों से आरोपियों को शिघ्र गिरफ्तार करने की मांग का ज्ञापन भी दिया गया परंतु आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इसको लेकर नीमकाथाना तहसीलदार सतवीर यादव के नेतृत्व में पटवार संघ अध्यक्ष जयसिंह मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कानूनगो संघ सीकर ब्रह्मानंद चेजारा, पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा,व राजस्व सेवा परिषद के समस्त कार्मिकों ने जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता को सोंप कर आरोपियों को शिघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। पटवार संघ अध्यक्ष जयसिंह मीणा ने बताया कि इस प्रकार की घटना राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाली एवं भविष्य में राजकीय कार्य संपादन में अवरोध पैदा करने वाली घटना है। पुलिस की मौजूदगी में इस तरह की घटना घटीत हुई है जिससे राजस्व कार्मिकों में भय एवं रोष व्याप्त है। मीणा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि दोषियों को गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो शीघ्र ही राजस्व कार्मिकों के द्वारा व्यापक रूप से आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## अव्वल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत

**सादुलपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाँदगोठी में मंगलवार को योग दिवस के उपलक्ष में योग प्रशिक्षु मंजू कस्वा के द्वारा योग कार्य ग्राम से आये हुए सरपंच ग्राम पंचायत चाँदगोठी, एसडीएमसी सदस्यों, स्कूली छात्र-छात्राओं तथा विद्यालयों से आये हुए अध्यापकों, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. उषा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सुमेरसिंह तथा विद्यालय स्टाफ को योग करवाया और योग के महत्व को समझाया गया। विद्यालय के प्राधानाचार्य निशा चौधरी, सरपंच भरथसिंह तथा विद्यालय स्टाफ ने विद्यालय में कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया तथा भविष्य में उच्च अंक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्य चौधरी नें बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा छात्र कपिल कुमार ने कक्षा 10वीं 92 प्रतिशत अंक, दीपांशु नें 12वीं में 91.70 प्रतिशत, मंयक नें कक्षा 12वीं में 85.20 प्रतिशत, मोनिका ने 90 प्रतिशत अंक तथा छात्र रिया नें कक्षा 10वीं में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्याल, ग्राम एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। मंच का संचालन संदीप कुमार पूनियां द्वारा किया गया।

## वार्ता रही बेनतीजा, किसान आज मिनी सचिवालय का घेराव करेंगे

**सादुलपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा व भारत की जनवादी नौजवान सभा की 13 सूत्री मांगों को लेकर प्रशासन, बीमा कम्पनी व बैंक अधिकारियों के मध्य मंगलवार दोपहर को हुई वार्ता बेनतीजा रही तथा वार्ता बेनतीजा होने पर माँगों को लेकर पूर्व से प्रस्तावित मिनीसचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन को लेकर 22 जून प्रात: 10 बजे से किसानों के द्वारा धरना शुरू किया जायेगा।

किसान सभा तहसील सचिव सुनील पूनिया नें बताया कि तारानगर एसडीएम प्रभजोतसिंह गील (अतिरिक्त कार्यभार राजगढ), तहसीलदार राजगढ बाबुलाल, तहसीलदार सिद्धमुख कमलेश सिंह महरिया, उपनिदेशक कृषि विभाग (चूरू) दीपक कपिला, कृष्ण कुमार एक्सईएन आईजीएनपी तारानगर, सचिन द्विवेदी एसबीआई जनरल बीमा कम्पनी, अमित शर्मा एसबीआई जनरल बीमा कम्पनी, राजगढ एएसपी अशोक बुटोलिया, राजगढ डीवाईएसपी बृजमोहन असवाल, तारानगर डीवाईएसपी ओमप्रकाश गोदारा, राजगढ सीआई कृष्ण कुमार बलोदा व महेन्द्र सिंह सहित बैंक अधिकारियों के साथ सुनील पूनियां,



**मांगों को लेकर मिनी सचिवालय में अखिल भारतीय किसान सभा व भारत की जनवादी नौजवान सभा के पदाधिकारियों से वार्ता करते एसडीएम प्रभजोतसिंह गील, बीमा कम्पनी व बैंकों के अधिकारीगण।**

रणसिंह पूनियां की वार्ता हुई जो बेनतीजा रही। पूनियां नें बताया कि रबी 2017 से खरीफ 2021 तक का बकाया फसल बीमा क्लेम दिया जाए, गैर ऋणी किसानों की बीमा पॉलिसी स्वीकृत की जाएं, राजगढ सिद्धमुख को नहर से जोडा जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल कटाई प्रयोग स्मार्ट तकनीकि से करवाने पर रोक लगाई जाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधली पर रोक लगाने, बेरोजगारी भत्ता के एवज में 4 घंटे का कार्य करवाना बन्द करने, प्रत्येक गाँव में खेल मैदान बनाने, राजगढ से पिलानी व राजगढ से झुन्झुनूं रोड पर रेलवे क्रोसिंग पर ऑवर ब्रिज बनाया जाने,ख्सभी टोल नाको के आसपास के गाँवों को टोल मुक्त करने, आवारा पशुओं की रोकथाम की जाने, ग्रामीण क्षेत्र में आबादी रकबा बढाने, सरकारी महाविद्यालय को पीजी किया जाने, नये श्रमिक कार्ड बनाये जाने व श्रमीक कार्ड से मिलने वाले लाभ समय पर देने तथा सेना भर्ती जल्द से जल्द करने आदि माँगों को लेकर मिनीसचिवालय के सभागार में वार्ता हुई मगर वार्ता बेनतीजा रही। जिसके विरोध में 22 जून 2022 को प्रात: 10 बजे से अखिल भारतीय किसान सभा व भारत की जनवादी नौजवान सभा के द्वारा मिनीसचिवालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जावेगा।

## राजस्थान सरपंच संघ ब्लॉक के सरपंचों ने राठौड़ से मुलाकात की

**चूरू, (कासं)।** विधायक निवास पर राजस्थान सरपंच संघ ब्लॉक के अध्यक्ष बलवीर ढाका ने ग्राम पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों में लगाई गई सामग्री का भुगतान एवं मिस्त्री, मेट, पानी के बकाया भुगतान के बारे में अवगत कराते हुए उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को बताया कि ग्राम पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों की सामग्री बिलों का भुगतान अप्रैल 2021 से बकाया चल रहा है। मिस्त्री, मेट, पानी का भुगतान अगस्त 2021 से बकाया चल रहा है।

चूरू पंचायत ब्लॉक का भुगतान सामग्री बिलों का 1661 लाख अभी तक बकाया है। ब्लॉक में निर्माण कार्यों में मिस्त्री, पानी व टंकी आदि की 277 लाख का भुगतान बकाया है। अध्यक्ष ढाका ने बताया कि इसी प्रकार जिले की ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों में लगने वाली सामग्री बिलों का 6686 लाख बकाया है। इसी प्रकार जिले की ग्राम पंचायतों में मिस्त्री, पानी व टंकी आदि के 2633 लाख बकाया है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने इस गंभीर विषय पर संघ के पदाधिकारियों से बात कर दूरभाष से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से वार्ता की। तब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दूरभाष पर बताया कि 1900 करोड़ राजस्थान सरकार को सरपंचों द्वारा ग्राम पंचायतों में करवाये गए निर्माण कार्यों का भुगतान भेज दिया गया है। बाद में उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने राजस्थान में नरेगा सचिव सिंवागी को दूरभाष पर वार्ता कर आगामी 15 दिनों में भुगतान करवाने के लिये कहा। जिस पर नरेगा सचिव ने उप नेता प्रतिपक्ष को जल्दी भुगतान करने हेतु आश्वस्त किया है। इस मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष बलवीर ढाका, भंवर किशन, कमल रामसरा, जंगशेर खान पीथीसर, ताराचंद भांभू, नवलसिंह घंटेल, शिवराम गोदारा एवं अन्य सरपंचगण मौजूद रहे।

## उदयपुरवाटी में प्री मानसून की जमकर बरसात

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** क्षेत्र में मंगलवार को प्री मानसून की जमकर बरसात होने से गर्मी से राहत मिलने के साथ ही खरीफ की की बुवाई भी शुरू हो गई। प्री मानसून की बरसात अल सुबह चार बजे एक घण्टे तक लगातार जमकर बरसात होने के बाद चार घण्टे तक रिमझिम बरसात हुई। बरसात से किसानों के चेहरे खिले। दिनभर आसमान में बादल छाये रहे। घरो का पानी नालो के रूप में बहकर आया। जगह जगह रास्तो में पानी भर गया। स्टेट हाइवे सडक मार्ग पर घण्टो तक पानी भरा रहा। जिससे वाहन चालको को परेशानी रही। उदयपुरवाटी के अलावा बरसात नांगल, इंद्रपुरा, चिराना, बागोरा, मण्डावरा, छापौली, गौरिया, धनावता, धोलाखेडा, चक नांगल, किरोडी, नोहरा, कोट सहित कई इलाको में बरसात हुई।

## सूंटे-तेज बारिश से 25 विद्युत पोल उखड़े, निगम को लाखों का नुकसान

**■ सूंटे के दौरान ठप हुई विद्युत आपूर्ति को करीब 12 घण्टे बाद पूर्ण रूप से सुचारू किया जा सका**

**बीदासर, (निसं)।** क्षेत्र में सोमवार की अद्धर्रात्रि में डेढ़ बजे आए तेज सूंटे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अनिल बरवड़ ने बताया कि सूंटे व तेज बारिश में क्षेत्र में 25 विद्युत पोल उखड़ गये और एक विद्युत ट्रान्सफार्मर भी गिर गया जिससे विद्युत निगम को भारी नुकसान हुआ।

सूंटे के दौरान ठप्प हुई विद्युत आपूर्ति को करीब 12 घण्टे बाद पूर्ण रूप से सुचारू किया जा सका। वहीं सूंटे के दौरान तुफानी हवाओं में अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने, छप्पर उड़ने की तथा बिजली गिरने की घटनाएं हुई। वहीं दूसरी ओर रात्रि में शुरु हुई बरसात मंगलवार की सुबह 8 बजे तक रूक रुककर कभी तेज तो कभी धीरे जारी रही। जिससे कस्बे की सड़कें पानी से लबालब हो गई और गलियों में कीचड़ का साम्राज्य हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर बरसात होने से किसानों के चेहरे खिल उठे।

इस बार समय पर अच्छी बरसात होने से बाजरा, मूँग, मोठ, तिल आदि की बुआई शुरु कर दी गई है। मंगलवार की दोपहर बाद एकबार फिर मौसम ने करवट ली और सूंटे के साथ तेज बारिस हुई जिससे करीब दो घंटे तक कस्बे की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

## योग दिवस मनाया

**नीमकाथाना, (निसं)।** उपखण्ड के ग्राम पुरानाबास में मंगलवार को एयू बैंक और श्री विवेकानंद युवा विकास परिषद के सयुंक्त तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। एयू बैंक के स्थानीय खेल प्रभारी व श्री विवेकानंद युवा विकास परिषद के अध्यक्ष हेमेश सैन ने बताया कि गाँव के श्री बालाजी खेल मैदान में आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमे पूर्व सैनिक सुमेर जाखड़ ने योग के आसान बताये। एयू बैंक के खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह ने इस अवसर पर योग का महत्व समझते हुए बताया कि योग हमारे प्राचीन ग्रंथों का वह निचोड़ जिससे हम हमारे शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इस अवसर पर मनोज स्वामी, विजय सैन मोनू, श्रवण कुमावत, बिट्टू मीणा, किशोर कुमावत, अंकित कुमावत, गणेश कुमावत, कुलदीप बराला व करण कुमावत समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अग्निपथ योजना के विरोध में प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

**चूरू, (कासं)।** जय किसान आंदोलन एवं यूथ फॉर स्वराज की चूरू इकाई ने संयुक्त रूप से देश के प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के जिला संयोजक राजेश कुमार ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से इस योजना को अविलब वापस लेने की मांग की है। साथ ही लिखा है कि देश के सभी युवा संगठनों से चर्चा कर क्रियान्वित किया जावे। राजेश आगे बताते हैं कि सेना की पूर्व में हुई भर्तियों के करीब देश के 2 लाख युवाओं का मेडिकल एवं फिजिकल हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले की भांति सेना की भर्ती की जावे। जय किसान आंदोलन के सचिव हंसराज स्वामी ने कहा कि यह बिलकुल कृषि कानून की तरह है, जिस प्रकार किसानों पर कृषि कानून हम पर थोपे जा रहे थे, वैसा ही सरकार देश के युवाओं के साथ कर रही है।

## बिसाऊ में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, विजेता टीम को मिला एक लाख ग्यारह हज़ार का इनाम

**■ समापन समारोह विधायक रीटा चोधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया**

**बिसाऊ, (निसं)।** क़स्बे के धवलपालिया जोहड़ मैदान पर पंद्रह दिवसीय स्व. श्री रामनारायण चोधरी की स्मृति रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। मीडिया प्रभारी आरजे इमरान खान ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच रोक स्टार घांघूं इलेवन एवं बीएसएस राणासर के बीच खेला गया। जिसमें बीएसएस राणासर ने फाइनल मुकाबला जीत कर खिताब अपने नाम कर लिया।

विधायक रीटा चोधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिसाऊ नगरपालिका चेयरमैंन मुश्ताक़ खान जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैंन मंडावा सज्जन मिश्रा,सलीम खान सिगड़ी, झुंझूनू ज़िला रोहितास, बिसाऊ थाना अधिकारी, कमलेश कुमार सैनी,



**बीएसएस राणासर ने फाइनल मुकाबला जीत कर खिताब अपने नाम किया।**

पालिका उपाध्यक्ष राम गोपाल सेनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अयूब खान, मुरारी जोसी ने विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हज़ार व उप विजेता टीम को ईकावन हज़ार का नगद पुरस्कार वितरण किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसएस राणासर टीम के नदीम धनूरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदो पर 11 चोंके व 2 छक्के मदद से 70 रनो की बदोलत 10 ओवरों में 140 रन बनाए।जवाब में रोक स्टार इलेवन 7ओवरों में 44 के स्कोर पर आउट हो गई। मैन ओफ द सिरिंज का ख़िताब नदीम धनुरि के नाम रहा।

विधायक ने खिलाड़ियों संबोधित करते हुए कहा कि खेल से भाई चारा बढ़ता है। किसी भी खिलाड़ी को कोचिंग लेने के लिए कभी भी सहयोग की ज़रूरत पड़े तो मेरी तरफ़ पूरा सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद अब्दुल करीम, मक़सूद खान, मास्टर यूसुफ़ खान, भरत सिंह चौहान, गफ़ार खान, इमरान खान, नाज़िम, सिराज, शमशेर, अयूब, इरफ़ान, नेमिचंद, सहित क्षेत्र के काफ़ी लोग मौजूद थे।

## अग्निपथ के विरोध में किसान सभा ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया



**अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी चूरू की ओर से अग्निपथ के विरोध में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया गया।**

**चूरू, (कासं)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी चूरू की ओर से मंगलवार को अग्रिपथ के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। यहां विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

उल्लेखनीय है कि किसान सभा का धरना बीमा क्लेम व क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट लेने के लिये 11वें दिन भी जारी है। यहां धरने को जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह, तहसील अध्यक्ष रणसिंह भांभू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दीपाराम, शुभकरण, रायकरण, रामनिवास, जगदीश, रिछपाल, भादरराम, सुनील, नारायणराम आदि उपस्थित थे।

